तन के साथ मन का स्वच्छ होना जरूरी

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मालपुरा

उपखंड के इन्दौली ग्राम में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की ओर से आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत स्व छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को इन्दौली गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान निदेशक डॉ. एस.एम.के. नकवी ने कहा कि हम सभी को सर्वप्रथम अपने घर को स्वच्छ बनाना होगा उसके बाद आसपड़ोस व गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए स्वच्छता आवश्यक है। संस्थान के चिकित्साधिकारी डॉ. ईनाम नकवी ने गामीणों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए गंदगी से होने वाली बीमारियों व नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन्दौली ग्राम पंचायत सरपंच गोपाल गुर्जर ने ग्रामीणो को इन्दौली ग्राम सहित सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग का आह्वान किया। इस मौके पर संस्थान के पशु अनुवाशिंकी एवं प्रजनन विभाग के डॉ. अरूण कुमार तोमर, पशु स्वास्थ्य विभाग के डॉ. धीरेन्द सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम समन्वयक एवं पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष डॉ. ए. साहू ने पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी और पखवाड़े को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालो का धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान की पीआर सेल प्रभारी डॉ. आर.के. शर्मा एवं राजभाष विभाग के सहायक निदेशक मुरारी लाल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम पश्चात इन्दौली गांव में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार ने किया।

रैली निकाली, दिया स्वच्छता का संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर बुधवार को इन्दौली गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई तथा वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि स्वच्छता का दिया गया संदेश देश की प्रगति का मूलमंत्र है। तन के साथ मन को भी स्वच्छ करने की आवश्यकता है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण अपने-अपने घरों में शौचालय बनाएं तथा आस-पास गन्दगी नहीं होने दें। चिकित्साधिकारी डॉ. इनाम नकवी ने स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता से मनुष्य कई प्रकार के रोगों से दूर रह सकता है। सरपंच गोपाल गुर्जर ने भी विचार प्रस्तुत किए। सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों व ग्रामीणों ने गांव में से रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। डॉ. अरुण कुमार, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. ए. साहू ने स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को निदेशक की ओर से स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

पत्रिका Thu, 01 June 2017
epaper.patrika.com//c/19462002

संक्षिप्त

रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

मालपुरा (निस) केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर द्वारा बुधवार को स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत समापन पर इन्दौली गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पीआरसेल प्रभारी डॉक्टर रमेश शर्मा ने बताया की जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉक्टर एसएमके नकवी ने कहा कि हमे तन के साथ मन को भी स्वच्छ करना होगा तभी देश प्रगति के पथ पर बढ़ सकेगा। डॉक्टर ईनाम नकवी ने लोगों को गन्दगी जनित जानलेवा रोगों से अवगत करवाया। सरपंच गोपाल गुर्जर ने ग्रामीणों से स्वच्छ ग्राम निर्माण सहयोग की अपील की।

स्वच्छता पखवाडा इंदोली में जनजागरण के साथ संपन्न

मालपुरा| केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर की ओर से चलाया जा रहा स्वच्छता पखवाडा बुधवार को ग्राम इंदोली में स्वच्छता जागरूकता रेली व सफाई अभियान शुरू करने की प्रेरणा के साथ समाप्त किया हुआ । इस अवसर पर इंदोली गांव में पहुंचे संस्थान निदेशक डॉ. एस एम के नकवी ने ढोलक वादन के साथ गांव में स्वच्छता के लिए जनजन से संपर्क किया। इस अवसर पर निदेशक के सानिध्य में विशल जनजागरण रेली निकाल कर गांव को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया ।